सात दिवसीय 'भारतीय मूल्य व सांस्कृतिक मेले' का आयोजन

थामस बेन द्वारा ब्र.कु.मोहिनी को एशिया बुक रिकार्डस का सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए। साथ हैं ब्र.कु.बृजमोहन, ब्र.कु.योगिनी तथा अन्य।

मुम्बई-मुलुंद। ब्र.कु.गंगाधर, ब्र.कु.रानी, ब्र.कु.बृजमोहन, दीपक हारके, भाजपा सचिव श्याम जाजू दिल्ली, ब्र.कु.गोदावरी, ब्र.कु.योगिनी, विधायक सरदार तारा सिंह, पूर्व न्यायाधीश ईश्वरैय्या, डॉ.राजकुमार कोल्हे, विश्व की सबसे बड़ी पुस्तक प्रजापिता ब्रह्मा -एक अद्भुत जीवन रहस्य के विमोचन के अवसर पर समूह चित्र में।

मुम्बई-मुलुंद। 'भारतीय मूल्य व सांस्कृतिक मेले' के सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भाजपा महासचिव श्याम जाजू ने कहा कि धार्मिकता, सात्विकता व संस्कारों के निर्माण से परिपूर्ण कार्यक्रम नित्य प्रति बढ़ रहे विकारों पर काबू पाने में सहयोगी बन सकते हैं। सभ्य समाज की नींव है आध्यात्मिक मूल्य। बिना मूल्य संसार में सद्भावना नहीं आ सकती। उन्होने आशा जताई कि इस मेले के आयोजन से समाज मूल्यों के प्रति जागरूक होगा तथा अपराध भी कम होंगे।

ब्रह्माकुमारी संस्था के अतिरिक्त सचिव ब्र.कु.बृजमोहन ने कहा कि आत्म-अभिमानी बनकर व्यवहार करने से सद्भावना, आपसी प्रेम बना रहेगा। देह अभिमान में आने से अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह आदि के वश हो जाते हैं।

सात दिवसीय मेले की झलकियां - पर्सनालिटी डेवलपमेंट, महिला सशक्तिकरण, ब्लड डोनेशन कैम्प, ड्राइंग व पेंटिंग के द्वारा आध्यात्मिकता, कवि सम्मेलन, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आदि।

विधायक सरदार तारा सिंह ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा की जा रही आध्यात्मिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होने विश्व स्तर पर लोगों के संकल्पों, दिलों एवं जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

फिल्म अभिनेत्री कुनिका ने कहा कि

(शेष पेज 4 पर)

स्व-सशक्तिकरण व आत्मविश्वास जगाएं

हांगकांग। 'अवेकनिंग विद ब्रह्माकुमारीज' टीवी कार्यक्रम के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रयत्नशील ब्र.कु.शिवानी व लोकप्रिय अभिनेता सुरेश ओबराय ने विदेश यात्रा के दौरान हजारों श्रोताओं को जीवन जीने की कला सिखाते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

ब्र.कु.शिवानी ने 18 मार्च से विभिन्न कार्यक्रमों में अपने सारगर्भित अभिभाषण शुरू किए। व्यस्त जीवन में उलझे होने के बावजूद हजारों की संख्या में अप्रवासी भारतीयों ने उनसे रूबरू होने के सुनहरे अवसर का लाभ उठाया। इनमें सिंधी व मारवाड़ी समुदाय के भाई-बहनें शामिल थे। कुछ सभाएं तो दो घण्टे तक चलीं। जब ब्र.कु.शिवानी ने व्यवसाइयों को जीवन की बैलेंस शीट का रहस्य समझाया तो सभी नई ऊर्जा व चेतना अनुभव कर रहे थे। परमात्मा, प्रार्थना, रीति-रिवाजों की व्याख्या भी उन्होने चमत्कारिक ढंग से की। अनिश्चितता की स्थिति में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उनसे भी सही सलामत निपटने का मूल मंत्र समझाया। ब्र.कु.बिन्दु, ब्र.कु.रोहिणी व सोमान ने अतिथियों का अभिवादन किया।

मनीला, फिलिपाइन्स, जकार्ता व बैंकाक में भी हजारों लोगों ने भी कार्यक्रम का लाभ उठाया।

सुरेश ओबराय ने सभाओं में विस्तार से बताया कि किस प्रकार ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़कर उन्हें अपने जीवन में सुखद परिवर्तनों का आभास हुआ। ब्र.कु.शिवानी ने उम्मीदों से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सार्थक बनाने में राजयोग के योगदान की तर्क संगत व सहज व्याख्या की। उन्होने कहा कि महानता की ओर अग्रसर हों। हम लोगों को नियंत्रित करने का प्रयत्न करते हैं लेकिन अपने मस्तिष्क को नियंत्रित करने की शक्ति खो देते हैं। स्वयं का संतुलन कायम नहीं रख पाते।

फिलीपींस। ब्र.कु.शिवानी विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में तुंग चुंग हाल में उपस्थित लगभग सात सौ प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए।

भारत - वार्षिक 170 रुपये
तीन वर्ष 510 रुपये
आजीवन 4000 रुपये
विदेश - 2000 रुपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीआर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट माउण्ट आबू) द्वारा भेजें ।

ओम शान्ति मीडिया
सम्पादक : ब्र.कु.गंगाधर
ब्रह्माकुमारीज, शांतिवन, तलहटी
पोस्ट बॉक्स नं. - 5, आबू रोड (राज.) 307510
Enquiry For Membership, Mob. No. - 09414006096
(M)- 9414154344, E-mail : mediabkm@gmail.com,
omshantimedia@bkivv.org, webside:www.omshantimedia.info

प्रति

RNI NO RAJHN/2000/721, NEWS PAPER TO POST CONCSSIONAL REGISTRATION NO. RJ/SIROHI/9623/12-14, 12TH TO 14 TH, 22 ND TO 24TH POSTED TO SHANTIVAN POST OFFICE
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, सलाहाकार संपादक: कमल दीक्षित, प्रकाशक: ब्र.कु.करूणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज् मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ.) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट साल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।